दिनांक : 13.01.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-विकसित भारत-2047 के स्वर्णिम भारत के निर्माता हैं आज के युवा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अगले हफ्ते 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' में लेंगे हिस्सा, वैश्विक निवेशकों के सामने रखेंगे प्रदेश की प्रगति का रोडमैप।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम भोपाल के बोट क्लब पर 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का करेंगे आगाज़।
- प्रदेश में शीतलहर का कहर जारी है। कोहरे के कारण रेल और सड़क यातायात पर बुरा असर पड़ा है।

प्रधानमंत्री-वीबीवाईएलडी 2026

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नवाचार विचारों, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने यह बात कल नई दिल्ली में विकसित भारत-यंग लीडर्स डायलॉग-2026 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। श्री मोदी ने कहा कि 2047 में जब देश स्वतंत्रता के एक सौ वर्ष पूरे करेगा, तब आज के युवाओं के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होगा। यह एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि युवाओं की क्षमता ही भारत की क्षमता बनेगी और उनकी सफलता भारत की सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

अभ्युदय मध्य प्रदेश-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अभ्युदय मध्य प्रदेश क्विज के 24 विजेताओं को सम्मानित करेंगे। विजेताओं को लैपटॉप, ई-बाइक, ई-स्कूटी और विक्रमादित्य वैदिक घड़ी जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। यह क्विज युवाओं को प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और विकास यात्रा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बना है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 की वार्षिक बैठक में भाग लेगा। 19 से 21 जनवरी तक होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद करेंगे और प्रदेश में निवेश व साझेदारी के अवसर प्रस्तुत करेंगे।मध्यप्रदेश डेलीगेशन का त्रि-दिवसीय दौरा 19 से 21 जनवरी तक रहेगा, यात्रा 18 से 22 जनवरी के बीच होगी।

बजट मुलाकात-शिवराज-निर्मला

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। श्री चौहान ने बताया कि प्रगतिशील किसानों, कृषि विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों और ग्रामीण उद्योगों से हुई चर्चाओं से प्राप्त विचारों और सुझावों को वित्त मंत्री को सौंप दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वित्त वर्ष 2026-27 का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध किसान, सशक्त गांव के विजन को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। बतादें कि केंद्रीय बजट 2026-27 अगले महीने की पहली तारीख, रविवार को लोकसभा में पेश होने जा रहा है।

स्टार्टअप समिट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल में स्टार्टअप समिट 2026 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने पर जोर देते हुए नवाचार, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की बात कही।

प्रगति-रिपोर्ट

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के सर्वोत्कृष्ट मंच- प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री नरेंद्र मोदी ने इसे 2015 में शुरू किया था। आज, इस विशेष श्रृंखला में, हम बिहार में स्थित साढे चार किलोमीटर लंबे पटना-गंगा रेल-सह-सड़क पुल पर एक नज़र डालते हैं।

रिपोर्ट-संवाददाता

*बिहार के उत्तरदृदक्षिण कनेक्टिविटी के लंबे समय से चली आ रही समस्या को दूर करने के लिए पटना गंगा रेल कम रोड ब्रिज की कल्पना की गई थी । जिसे आम तौर पर जेपी सेतु कहा जाता है। यह पुल गंगा नदी पर बनाया गया है और इसमें एक ही ढांचे पर रेल और सड़क दोनों की सुविधा दी गई है। इस परियोजना को नवंबर 2001 में मंजूरी मिली थी और इसके अनुमानित लागत 3774 करोड रुपए थी । परियोजना के निर्माण के दौरान भूमि से जुड़े विवाद अतिक्रमण, पुनर्वास और मुआवजे जैसी कई समस्या सामने आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना के समीक्षा 25 मार्च 2015 को प्रगति की बैठक में की। बैठक में प्रधानमंत्री ने रेलवे को जमीन सौंपने और मुआवजा जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए ।नियमित निगरानी और समस्याओं के समय पर समाधान के कारण इस परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी आई और इसे 4 मार्च 2022 को पूरा कर लिया गया। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

नागपुर दौरा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नागपुर स्थित नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न क्लिनिकल विभागों का निरीक्षण कर डॉक्टरों और स्टाफ से संवाद किया तथा मरीजों की देखभाल और सेवाभाव की सराहना की। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश से आए उपचाररत मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संस्थान के सीईओ शैलेश जोगलेकर और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आनंद पाठक ने उन्हें कैंसर उपचार की सुविधाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी।

श्रीमहाकाल महोत्सव

वीर भारत न्यास और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उज्जैन में 14 से 18 जनवरी 2026 तक श्री महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस बड़े आयोजन के लिए कई प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है. महोत्सव के अंतर्गत 15 जनवरी को एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी।

‘खेलो एमपी यूथ गेम्स’

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के बोट क्लब, बड़े तालाब में ‘खेलो एमपी यूथ गेम्स’ का शुभारंभ करेंगे। वॉटर प्रोजेक्शन, लेज़र शो और आतिशबाज़ी के साथ शुरुआत होगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तैयारियों का जायजा लिया। देश में पहली बार खेल विभाग और मान्यता प्राप्त खेल संघों के संयुक्त समन्वय से आयोजित हो रहे इन खेलों में 28 खेलों की प्रतियोगिताएँ होंगी। चार चरणों- ब्लॉक, जिला, संभाग और राज्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में लगभग डेढ़ लाख खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि राज्य स्तर पर 4 करोड़ रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे।

लोहड़ी

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है। यह मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में मनाया जाता है। यह त्यौहार फसलों के पकने की प्रसन्नता का प्रतीक है। लोग शाम को अलाव जलाते हैं, पारंपरिक गीत गाते हैं और परिवार तथा समाज के साथ प्रसन्नता के पल साझा करते हैं। यह त्यौहार आपसी प्रेम और एकता का संदेश भी देता है।

मौसम

प्रदेश में भीषण ठंड और कोहरे का कहर जारी है। प्रदेश के 10 से अधिक शहरों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। शहडोल जिले का कल्याणपुर आज प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाओं के कारण ठंड बढ़ी है और अगले कुछ दिनों तक सुबह-रात ठंड और कोहरे से राहत के आसार कम हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- समाधान योजना के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 03 लाख 61 हजार से अधिक उपभोक्ता लाभांवित हुए हैं।
- भोपाल की अयोध्या नगर पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदार पर कार्रवाई करते हुए तीस हजार रुपए का मांझा जब्त किया है।
- कटनी में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में कल “पूर्व सैनिक दिवस-वेटरन्स डे“ मनाया जाएगा।

- सुशासन व स्वराज के लक्ष्य को लेकर इंदौर जिले में ‘संकल्प से समाधान अभियान’ की शुरुआत हो गई है। परिवहन विभाग ने लर्निंग लाइसेंस का कैंप लगा कर पहले दिन 200 से अधिक महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए।
- पन्ना जिले में दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले बच्चों को चिन्हित कर प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

-------